# बाबा साहेब अम्बेडकर ऑडिटोरियम और लाइब्रेरी भवन का शिलान्यास

**बीकानेर,** (कासं)। बाबा साहेब अम्बेडकर ऑडिटोरियम और लाइब्रेरी के नए भवन का शिलान्यास कार्यक्रम शुक्रवार को खातूरिया कॉलोनी में आयोजित किया गया।

नगर निगम और ग्लोबल हैप्पीनेस फाउंडेशन जयपुर द्वारा आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केन्द्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल थे। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने 'पे बैक टू द सोसायटी' का सिद्धांत दिया। आज के दौर में यह अत्यंत प्रासंगिक है। इसे ध्यान रखते हुए सोशल कॉरपोरेट रिस्पॉन्बलिटी के तहत बीकानेर को अत्यधिक पुस्तकालय, ऑडिटोरियम और एम्फी थियेटर की सौगात दी गई है। उन्होंने कहा कि यह केन्द्र बीकानेर शहर के नॉलेज सेंटर के रूप में विकसित होगा। यहां पढ़ने वाले बच्चे आने वाले समय में देश और दुनियां में बीकानेर का नाम रोशन करेंगे।




**भारत रत्न डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर ऑडिटोरियम और लाइब्रेरी भवन के शिलान्यास समारोह को केन्द्रीय विधि एवं न्यायमंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने संबोधित किया।**

- **यह केन्द्र बीकानेर शहर के नॉलेज सेंटर के रूप में विकसित होगा**
- **पुस्तकालय और ऑडिटोरियम पर 30 करोड़ रूपए खर्च होंगे**

मेघवाल ने कहा कि पुस्तकालय और ऑडिटोरियम के लिए 30 करोड़ रूपए तक व्यय करने का प्रावधान रखा गया है। इसके लिए तीन बीघा जमीन नगर निगम द्वारा दी गई है। भवन का निर्माण वर्ष 2027 तक पूर्ण करने का लक्ष्य है। निर्माण के बाद इसका संचालन उच्च स्तरीय समिति द्वारा किया जायेगा। इसकी पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी रखा जायेगा।

मेघवाल ने कहा कि यहां एक से अधिक बैठक क्षमता का ऑडिटोरियम बनाया जायेगा। इसमें सभी अत्याधुनिक सुविधाएं होंगी। इको सिस्टम भारत मंडपम की तर्ज पर होगा। यहां बनने वाले एंफी थियेटर को गजल सम्राट जगजीत सिंह को समर्पित किया जायेगा। इसी प्रकार 500 बैठक क्षमता वाला पुस्तकालय युवाओं के लिए अत्यधिक लाभदायक होगा। इसी कैम्पस में बिजनेस एरिया विकसित किया जायेगा। जहां बनने वाला म्यूजियम बीकानेर की कला, संस्कृति इतिहास और परंपराओं को आमजन के समक्ष प्रस्तुत करेगा। वहीं यहां आरएएस, आईएएस और आईपीएस जैसी स्तरीय परीक्षाओं के मॉक इंटरव्यू की सुविधा भी मुहैया करवाई जायेगी।

खाद्य आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने कहा कि दुनियां भर के महापुरूषों ने शिक्षा पर जोर दिया। डॉ. भीमराव अम्बेडकर तथा नेल्सन मंडेला जैसे महापुरूषों ने शिक्षा को विकास की महत्वपूर्ण सीढ़ी बताया। उन्होंने कहा कि बीकानेर का गरीब से गरीब बच्चा इस पुस्तकालय में अध्ययन करके मुकाम हासिल करेगा। जिससे बीकानेर को का गौरव बढ़ेगा।

खाजूवाला विधायक डॉ विश्वनाथ मेघवाल ने कहा कि यह पुस्तकालय बाबा साहेब के सपने को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण है। बीकानेर (पश्चिम) विधायक जेठानंद व्यास ने कहा कि राज्य सरकार बीकानेर के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। आने वाले समय में इसकी परिणाम देखने को मिलेंगे। श्रीडूंगरगढ़ विधायक ताराचंद सारस्वत में कहा कि गत वर्षों में भारतमाला रोड आने तथा सोलर के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य होने के कारण बीकानेर को नई पहचान मिली है।

महापौर सुशीला कंवर राजपुरोहित ने स्वागत उद्बोधन दिया। उन्होंने कहा कि निगम द्वारा गत पांच वर्षों में आम जन की भावना और आवश्यकता के अनुसार श्रेष्ठ कार्य करने के प्रयास किए गए। उन्होंने बताया कि केन्द्रीय मंत्री द्वारा नगर निगम के माध्यम से करवाए जाने वाले विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण भी कार्यक्रम के दौरान किया गया। इससे पहले पद्मभूषण हाफिज कांट्रैक्टर और मुब्बशिर ने बाबा साहब अम्बेडकर पुस्तकालय और ऑडिटोरियम के मॉडल के माध्यम से इसकी विशेषताओं के बारे में बताया और कहा कि इसका निर्माण उच्च स्तरीय मानकों के आधार पर समय किया जायेगा।

इससे पहले मेघवाल सहित सभी अतिथियों ने पुस्तकालय भवन का भूमि पूजन किया तथा मां सरस्वती गुरूनानक डॉ भीमराव अम्बेडकर तथा बिरसा मुंडा के चित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत की।

पार्षद विनोद धवल ने आभार जताया। कार्यक्रम में संभागीय आयुक्त वंदना सिंघवी, महानिरीक्षक पुलिस ओमप्रकाश जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि, पुलिस अधीक्षक कवेंद्र सागर, पद्मश्री बंधु अली गनी, नगर निगम आयुक्त मयंक मनीष, यूआईटी सचिव अपर्णा गुप्ता, चंपालाल गेदर, उप महापौर राजेंद्र पवार, डॉ सत्यप्रकाश आचार्य आदि बतौर अतिथि मौजूद थे।

## प्राणघातक हमले में 10 साल की सजा

**श्रीगंगानगर,**(कासं)। जमीन विवाद में प्राणघातक हमले के दोषी पाए जाने पर दो भाईयों को 10-10 साल के कठोर कारावास से दंडित किया गया। यह निर्णय जिला एवं सत्र न्यायालय के न्यायाधीश आलोक सुरोलिया ने 14 नवम्बर को सुनाया। दोषियों पर 17,500 रूपए का जुर्माना भी लगाया गया है।

उप निदेशक अभियोजन धर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि चक 8 एलएनपी ढाणी तारासिंह निवासी मेवा सिंह पुत्र गुरमेल सिंह और उसके भाई प्रीतम सिंह को दोषी ठहराया गया है। इनको आईपीसी की धारा 326 में सजा सुनाई गई है। जुर्माना जमा नहीं करवाने पर 6-6 माह के लिए ज्यादा जेल काटनी होगी। हालांकि न्यायालय ने इसी मामले में आईपीसी की धारा 325 में 3-3 साल, धारा 323 में एक-एक साल व धारा 341 में एक-एक माह की जेल की सजा भी सुनाई है। लेकिन सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी।

डीडीपी धर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि 8 एलएनपी ढाणी तारासिंह निवासी 65 वर्षीय दर्शन सिंह ने 24 मई 2018 को सदर पुलिस को पर्चा बयान दिए थे। इसमें बताया कि 8 एलएनपी में उसके छोटे भाई सतनाम सिंह ने 2 बीघा जमीन अपने चाचा से काश्त के लिए ले रखी थी। इसके निकट मेवासिंह की जमीन है। मेवा सिंह उसके चाचा की भूमि पर जबरदस्ती खेती करने लगा तो सतनाम सिंह ने रोकने की कोशिश की। इसी दौरान 23 मई 2018 को मेवा सिंह ने गंडासी और प्रीतम सिंह ने लोहे की रॉड से हमला किया। मामले की सुनवाई के दौरान दोनों पर दोष साबित पाया गया।

## सार-समाचार

### डॉ. अर्पिता गुप्ता सम्मानित



**बीकानेर,** (कासं)। फेम ओनर मैगजीन द्वारा देश की 50 सशक्त महिलाओं की सूची में बीकानेर की डॉ. अर्पिता गुप्ता को शामिल किया गया। डॉ. गुप्ता को 'इन्विंसिबल वूमेन सोशल एक्टिविस्ट' खिताब से नवाज़ा गया। साथ ही मैगजीन में उनके द्वारा किए गए कार्यों को प्रकाशित किया गया। मैगजीन की सीईओ दिव्या शर्मा ने कहा कि इस सम्मान का उद्देश्य देश के भिन्न-भिन्न क्षेत्रों में सक्रिय महिलाओं का चयन कर उनकी प्रेरणादायी कार्यशैली को प्रकाशित कर दूसरी महिलाओं को प्रेरित करना है। राजस्थान की डॉ.अर्पिता गुप्ता का चयन उनके द्वारा लम्बे समय से अनवरत समर्पण, निष्ठा भाव से सामाजिक कार्य करते रहने के लिए, जिसमें निजी स्तर पर संचालित चैरिटेबल प्ले स्कूल ग्रामीण व शहरी बालिकाओं व महिलाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा व आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में उत्कर्ष सेवाएं, युवा सशक्तिकरण, एंटी करप्शन प्रोजेक्ट, एंटी रैगिंग प्रोजेक्ट्स, देहदान के प्रति जागरूकता, महामारी के समय निशुल्क ऑनलाइन कक्षाओं के माध्यम से देश भर के 5000 बच्चों को विभिन्न प्रशिक्षण देने को देखकर किया गया है। आर. एल. जी. संस्थान की अध्यक्ष, एंटी करप्शन फाउंडेशन की स्टेट प्रेसिडेंट, ह्यूमन राइट्स की नेशनल चीफ एडमिनिस्ट्रेटर पद पर कार्य कर रही है। मैनेजर निधि ने कहा डॉ. गुप्ता आज की युवा पीढ़ी के लिए सेवा के क्षेत्र में मार्गदर्शक है, जिनका व्यक्तित्व, व्यवहार, आत्मविश्वास व कार्य प्रेरणादायी है। डॉ. गुप्ता को 95 राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कारों के साथ 'भारत सेवा पुरस्कार'से भी नवाज़ा गया है।

### अवैध नल कनेक्शन काटे

**अनूपगढ़,** (कासं)। सरकार के निर्देश पर जलदाय विभाग की ओर से पानी के अवैध कनेक्शन और बकाया जल राजस्व के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। आज जलदाय विभाग के जेईएन अनिल कुमार ने अनूपगढ़ के मुख्य बाजार और वार्ड नंबर 13 में अवैध कनेक्शनों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कनेक्शन में प्रयोग किए जाने वाले सामान को भी जब्त किया है। वहीं जलदाय विभाग के अधिकारियों ने वार्ड नंबर 13 में तीन उपभोक्ताओं का कुल 37808 रूपए का जल राजस्व बकाया होने पर उनके पानी के कनेक्शन काटने की भी कार्रवाई की गई है। जेईएन ने बताया कि राजस्थान सरकार के निर्देशानुसार यह अभियान लगातार जारी रहेगा। जलदाय विभाग के जेईएन अनिल कुमार ने बताया-सरकार के निर्देशानुसार आज अनूपगढ़ शहर में सुबह 8 बजे इस अभियान को शुरू किया गया है। उन्होंने बताया कि विभाग के द्वारा लगातार आम जन से बकाया जल राजस्व जमा करवाने और अवैध कनेक्शन को स्थाई करवाने के लिए अपील की जा रही है। मगर आमजन के द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा। उन्होंने बताया कि आज से उच्च अधिकारियों के निर्देशानुसार अवैध कनेक्शन और बकाया जल्द राजस्व जमा नहीं करवाने वालों के पानी के कनेक्शन काटने के साथ-साथ कनेक्शन में प्रयोग किए जाने वाले सामान को भी जब्त किया जा रहा है। जलदाय विभाग के एईएन गिरिराज रैगर ने बताया कि आमजन से असुविधा से बचने के लिए लगातार अपील की जा रही है कि वह बकाया जल राजस्व जमा करवाएं और अवैध कनेक्शन को स्थाई करवाये। उन्होंने बताया कि अगर उक्त उपभोक्ता ऐसा नहीं करते हैं तो बिना पूर्व सूचना के उनके पानी के कनेक्शन काट दिए जायेंगे और उनके खिलाफ एफआईआर भी दर्ज करवाई जा सकती है।

### चार घंटे देरी से पहुंची ट्रेन

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। दिल्ली सराय रोहिल्ला से रवाना होकर श्रीगंगानगर के रास्ते बीकानेर को जाने वाली दिल्ली सराय रोहिल्ला-बीकानेर ट्रेन शुक्रवार को निर्धारित समय से करीब चार घंटे की देरी से श्रीगंगानगर पहुंची। ट्रेन सुबह करीब साढ़े सात बजे श्रीगंगानगर पहुंचती है और यहां से बीकानेर के लिए 7.50 बजे रवाना हो जाती है। शुक्रवार को यह ट्रेन सुबह साढ़े ग्यारह बजे श्रीगंगानगर पहुंची। इससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा ट्रेन में श्रीगंगानगर से बीकानेर की यात्रा करने के लिए स्टेशन पहुंचे। एनडी कोली ने बताया कि वे किसी विवाह समारोह में शामिल होने के लिए बीकानेर जाने वाले थे, लेकिन ट्रेन समय पर नहीं होने से अब बस के जरिए बीकानेर पहुंचना होगा। इससे उन्हें कुछ देरी हो जायेगी। ट्रेन के पहुंचने में देरी के चलते लोग परेशान हुए। इस रूट पर श्रीगंगानगर से सूरतगढ़, रायसिंहनगर, जैतसर, महाजन, लूणकरनसर आदि के लिए लोग सफर करते हैं। ऐसे में इन सभी स्टेशनों की यात्रा करने वाले लोगों को बसों का सहारा लेना पड़ा। ट्रेन के सुबह करीब साढ़े ग्यारह बजे स्टेशन पहुंचने के बाद इसे बीकानेर के लिए रवाना किया गया। रेलवे स्टेशन से मिली जानकारी के अनुसार ट्रेन निर्धारित समय से देरी से श्रीगंगानगर पहुंची। इसे श्रीगंगानगर से बीकानेर के लिए दोपहर साढ़े ग्यारह बजे के बाद रवाना किया गया।

### महिला व युवक में गंगनहर में कूदे

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। एक महिला और युवक ने कथित तौर पर गंगनहर में छलांग लगा दी। यह घटना नाथांवाला के निकट पुल के पास की है। दो दिन से सदर पुलिस और परिजन उनकी तलाश कर रहे हैं। देर रात तक इस संबंध में तलाश जारी थी। सदर पुलिस के अनुसार दो युवक और एक महिला बनाथांवाला के निकट गंगनहर किनारे खड़े थे। इनमें से एक युवक फोन पर बात करने लग गया। उसका ध्यान साथ की महिला और युवक से हटते ही दोनों ने नहर में छलांग लगा दी। साथ के युवक ने ही शोर मचाया और आसपास से मदद जुटाई। महिला और युवक नहर के गहरे पानी में समा चुके थे। सूचना पर सदर पुलिस मौके पर पहुंची। नागरिक सुरक्षा विभाग के गोताखोर टीम को भी बुलाकर नहर में तलाश शुरू करवाई गई। लेकिन दोनों का देर शाम तक कोई सुराग नहीं लगा।

### गोदारा ने की जनसुनवाई

**बीकानेर,** (कासं)। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने शुक्रवार को अपने आवास पर आमजन के अभियोग सुनें। गोदारा ने पानी, बिजली, सड़क, शिक्षा, चिकित्सा सहित विभिन्न विभागों से जुडी परिवेदनाओं पर संबंधित अधिकारियों को दूरभाष पर निर्देश दिए। इस दौरान गोदारा ने कहा कि अधिकारी आमजन के प्रति संवेदनशील होकर काम करें। होने लायक कार्यों को तुरंत प्रभाव से संपादित किया जाए। राज्य सरकार आमजन के हित में प्रतिबद्धता से काम कर रही है।

# ड्रोन से हेरोइन तस्करी ने बी.एस.एफ. की चिंता बढ़ाई

**बीकानेर,** (कासं)। सीमा पार से हो रही पाकिस्तानी इंटेलिजेंस ऑपरेटिव और ड्रोन से होरोइन तस्करी की गतिविधियों ने बीएसएफ की चिंता बढ़ा दी है। राजस्थान फ्रंटियर के आईजी एम.एल. गर्ग ने सीमावर्ती क्षेत्रों का दौरा कर हालात का जायजा लिया। ग्रामीणों से भी मिले।

- **आईजी ने बीएसएफ के अधिकारियों से चर्चा कर सीमा की सुरक्षा गतिविधियों और रणनीति की समीक्षा की**

इस अवसर पर उन्होंने सांचू पोस्ट पर स्मृति भंडार का उद्घाटन किया। आईजी गर्ग अपने दो दिवसीय दौरे पर बीकानेर आये थे। उन्होंने बीकानेर सेक्टर मुख्यालय का निरीक्षण किया। सांचू पोस्ट गए जहां स्मृति भंडार का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि स्मृति भंडार का उद्देश्य है कि सीमा क्षेत्र में आने वाले पर्यटक और स्थानीय लोग यहां बीएसएफ से जुड़े स्मृति चिन्हों और अन्य वस्त्रों की खरीदारी कर सकें। आईजी गर्ग ने बताया कि इससे न केवल सीमावर्ती क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा बल्कि आमजन और सैनिकों के बीच भावनात्मक जुड़ाव भी मजबूत होगा।

आईजी ने सीमावर्ती क्षेत्रों में लोगों को बताया कि किस प्रकार पीआईओ जैसे तत्व लोगों को बहकाने की कोशिश कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि ड्रोन गतिविधियों में अचानक वृद्धि हुई है और इन्हें सीमा पार से भारत में अवैध सामग्री भेजने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। ऐसे में सीमावर्ती इलाकों के निवासियों का सचेत और जागरूक रहना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने लोगों को यह भी समझाया कि यदि उन्हें किसी संदिग्ध वस्तु या व्यक्ति की जानकारी मिलती है तो वे तुरंत बीएसएफ के नजदीकी कैम्प या पुलिस को सूचना दें।

आईजी गर्ग ने इस बात पर जोर दिया कि सीमा की सुरक्षा केवल सुरक्षा बलों की ही जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसमें आमजन की भागीदारी भी महत्वपूर्ण है। आईजी ने बीएसएफ के अधिकारियों से चर्चा कर सीमा की सुरक्षा गतिविधियों और रणनीति की समीक्षा की। इस दौरे में 124 बटालियन के कमांडेंट संजय तिवारी, कुंवर सिंह उप कमांडेंट और अन्य उच्चाधिकारी भी शामिल थे। बीएसएफ के जवानों को संबोधित करते हुए आईजी गर्ग ने कहा कि सीमा की सुरक्षा में आमजन की भागीदारी महत्वपूर्ण है। यदि सीमावर्ती क्षेत्रों के लोग जागरूक और सतर्क रहेंगे, तो सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ हो सकेगी।

## प्रकाशोत्सव पर नगर कीर्तन निकाला

**गजसिंहपुर,** (निसं)। स्थानीय वार्ड नंबर 10 में स्थित गुरूद्वारा धन धन बाबा दीप सिंह शहीद में आज सिक्ख धर्म के प्रथम गुरू गुरूनानक का प्रकाशोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सुबह 10:00 बजे अखंड साहिब के भोग पड़े उसके उपरांत गुरबाणी कीर्तन किया गया।

गुरू का अटूट लंगर बरताया गया। दोपहर 12:30 बजे अरदास विनती के बाद गुरूद्वारा साहिब से नगर कीर्तन आरंभ हुआ जो शहर की गलियों व बाजार तथा मौहल्लों से होता हुआ वापस गुरूद्वारा साहब में पहुंचा। जगह-जगह नगर कीर्तन की संगत को जलपान करवाया गया व तोरण द्वार बनाकर स्वागत किया गया। गुरूद्वारा सेवादार चमकौर सिंह व सतपाल सिंह चानी ने नगर कीर्तन का प्रबंधन संचालन किया। इस नगर कीर्तन में भारी संख्या में संगत ने गुरू साहिब के आगे शीश निवाया संगत में भारी उत्साह देखा गया।

# घर के आगे बैठी महिला के गले से चैन छीनी

**बीकानेर,** (कासं)। यहां गंगाशहर थाना क्षेत्र में एक सौ साल की महिला के गले से सोने की चैन छीनकर बदमाश भाग गए। घटना गुरूवार दोपहर की है। घटना के बाद बदमाश सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए लेकिन चैन छीनते हुए का सीसीटीवी अभी भी पुलिस तलाश रही है।

शहर के गंगाशहर थाना क्षेत्र में दिन दहाड़े वृद्धा के गले से चैन छीन ली गई। गांधी चौक में रहने वाले मोहनलाल भंसाली की सौ वर्षीय माता शाम साढ़े चार बजे ये घटना हुई। वो अपने घर के आगे बैठी थी कि अचानक बाइक पर आये दो युवकों ने उनके गले से सोने की चैन तोड़ ली और फरार हो गए।

चैन स्नेचिंग की यह वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। जिसमें दो युवक तेज गति से एक बाइक पर भागते नजर आ रहे हैं। पीड़िता के पुत्र मोहनलाल ने गंगाशहर थाने में अज्ञात युवकों के खिलाफ परिवाद पेश किया है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर युवकों की तलाश कर रही है। अब तक पुलिस के हाथ कुछ नहीं लगा है।

- **बाइक पर आये दो युवक महिला के गले से सोने की चैन तोड़कर फरार हो गए**

दरअसल बाइक पर भागते युवकों का पीछा सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से ही किया जा रहा है। शहर में जगह-जगह लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज के आधार पर बाइक का पता लगाया जायेगा।

वहीं घमंडिया गांव लालेवाला पेट्रोल पंप के नजदीक एक बाइक सवार की सड़क हादसे में मौत हो गई। मृतक अनूप कुमार पुत्र ओमप्रकाश 30 एमएल का निवासी था।

# जानलेवा हमले में 7 साल की सजा

**बीकानेर,**(कासं)। तीन साल पहले दो युवक पुरानी जेल सर्किल के पास स्थित चाय की दुकान पर पहुंचे और सिगरेट मांगी। दुकानदार ने रूपए देने के लिए कहा तो उस पर जानलेवा हमला कर दिया। अपर सत्र न्यायाधीश संख्या दो के पीठासीन अधिकारी लोकेन्द्रसिंह शेखावत ने इस मामले में आरोपी को दोषी मानकर सात साल के सश्रम कारावास और 11,000 रूपए अर्थदंड की सजा सुनाई है।

- **सिगरेट के रूपये मांगे तो दुकानदार पर जानलेवा हमला किया था**

परिवादिया बाला की ओर से 12 नवम्बर, 2021 को कोटगेट थाना पुलिस को रिपोर्ट दी गई थी कि उसका बेटा राजू उर्फ मोहम्मद असलम जेल सर्किल पर चाय की दुकान करता है। सायं 5 बजे गंगाशहर रोड निवासी अरूण सिंह व मोनू उर्फ सेफ अली दुकान पर पहुंचे और सिगरेट ली। सिगरेट के रूपए मांगने पर नहीं दिए और राजू पर जानलेवा हमला कर उसे घायल कर दिया। राहगीर इकट्ठा हुए तो आरोपी भाग गए। कोर्ट में इस मामले की सुनवाई के दौरान 7 दिसम्बर 2023 को आरोपी मोनू की मृत्यु हो गई। कोर्ट ने अरूण सिंह को दोषी माना और उसे सात साल के सश्रम कारावास व 11,000 रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अभियोजन की ओर से कोर्ट में 12 गवाहों के बयान हुए।

## ऑनलाइन 3.20 लाख रूपये ठगे

**बीकानेर,** (कासं)। ऑनलाइन नौकरी देने के नाम पर युवती को झांसा देकर 3,20100 रूपए ठगने का मामला सामने आया है।

पटेल नगर निवासी 24 साल की युवती के पास व्हाट्सअप मैसेज आया जिसमें घर बैठे ऑनलाइन काम देने और टॉस्क पूरा करने पर वेतन के बारे में बताया गया। मैसेज नौकरी से संबंधित होने के कारण युवती ने उसका रिप्लाई किया। उसके बाद युवती को टेलीग्राम पर आईडी से जोड़कर मैसेज किया और धीरे-धीरे उससे ऑनलाइन रूपए ठगे गए। युवती से 8 बार ट्रांजेक्शन करवाकर 3,20,100 रूपए हथिया लिए गए। युवती को ठगी का पता चलने पर उसने व्यास कॉलोनी पुलिस थाने में रिपोर्ट दी। मामले की जांच हैड कांस्टेबल विजयसिंह को सौंपी गई है।

# करणीसिंह स्टेडियम बना नशेड़ियों का अड्डा!

**बीकानेर,**(कासं)। करणीसिंह स्टेडियम नशेड़ियों के लिए महफूज जगह बन गई है। अंधेरा रहने के कारण नशेड़ी रात के समय यहां पहुंच जाते हैं। नशे के खिलाफ एकजुट हुए युवाओं की टोली स्टेडियम पहुंची और वहां साफ-सफाई की।

राजकीय करणीसिंह स्टेडियम परिसर में खेलों के अलग-अलग ग्राउंड बने हुए हैं। स्टेडियम में प्रवेश के भी अनेक रास्ते हैं और गार्ड की व्यवस्था पर्याप्त नहीं है। रात के समय अंधेरा रहता है और इसका फायदा उठाकर नशेड़ी दिन ढलने के बाद स्टेडियम में जमा होने लगते हैं। नशे के खिलाफ एकजुट होकर अभियान चला रहे युवाओं की टीम स्टेडियम पहुंची तो वहां अलग-अलग जगह नशे की सीरिंज, बोतलें और अन्य सामान पड़ा मिला। ग्राउंड में जगह-जगह झाड़ियां बनी थी जिनके पीछे छिपकर लोग नशा करते हैं। टीम में शामिल युवाओं ने ग्राउंड में सफाई अभियान चलाया। इस दौरान सदर पुलिस को भी मौके पर बुलाया गया। नशे के विरूद्ध अभियान में शामिल भगवान सिंह मेड़तिया ने बताया कि स्टेडियम नशे का अड्डा बन चुका है। यहां आने-जाने पर कोई रोक-टोक नहीं है। सुरक्षा के भी इंतजाम नहीं है। लम्बे-चौड़े स्टेडियम में गार्ड की व्यवस्था नहीं है। स्टेडियम में खिलाड़ी तैयार किए जाते हैं जो देश-प्रदेश का नाम रोशन करते हैं। लेकिन यहां का माहौल उनके खेल को प्रभावित करता है।

- **सुरक्षा गार्ड नहीं होने से नशेड़ी दिन ढलने के बाद स्टेडियम में जमा होने लगते हैं**

नशा विरोधी अभियान से जुड़े वेदव्यास का कहना था कि स्टेडियम में रात के समय पुलिस गश्त जरूरी है। नशे के विरूद्ध अभियान चला रही युवाओं की टीम में कर्णप्रताप सिंह, जितेंद्र सिंह, जसराज सिंवर, तेजू मेलिया, विक्की पुरोहित, गिरधर जोशी, सेठी किराडू, गजेंद्र सिंह भाटी, ऋषि पारीक सहित युवा मौजूद थे।

# 'बिरसा मुंडा ने अल्पकाल में ही राष्ट्रीय भाव का जागरण आदिवासी समाज में कराया'

**बीकानेर,**(कासं)। अखिल आदिवासी मीणा महासभा द्वारा गांधी पार्क में आयोजित दीपावली स्नेह मिलन समारोह व बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई।

आज हमारी युवा पीढ़ी को बिरसा मुंडा के जीवन से प्रेरणा लेकर राष्ट्र सर्वोपरि की परिकल्पना के साथ रोजगारमुखी शिक्षा को अपनाकर भारत को विश्वगुरू बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देना चाहिए। हम इस मां भारती के असली पुत्र हैं। भारत पुत्र, धरती पुत्र आदिवासी जनजाति हैं और भारत का हर नागरिक आदिवासी हैं। हमें आपस में लड़ने लड़ाने वाले लोगों के मंसूबे कामयाब नहीं होने देंगे। इस तरह के आयोजन समाज में नई मिसाल कायम करेगा उक्त उद्गार बिरसा मुंडा की जयंती पर आयोजित संगोष्ठी व दीपावली स्नेह मिलन समारोह में शिक्षाविद् एवं अखिल आदिवासी मीणा महासभा के प्रदेशाध्यक्ष मोहर सिंह सलावद ने व्यक्त किए।



**बीकानेर के गांधी पार्क में अखिल आदिवासी मीणा महासभा द्वारा बिरसा मुंडा की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी।**

अखिल आदिवासी मीणा महासभा के पदाधिकारियों व अतिथियों ने बिरसा मुंडा की फोटो के समक्ष माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का आगाज किया। संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए महासभा के जिलाध्यक्ष मनोज कुमार मीणा ने कहा कि बिरसा मुंडा ने अंग्रेजों के सामने डटकर मुकाबला किया और देश के लिए आदर्श साबित हुए। समय- समय पर ऐसे आयोजन होने से समाज में सामाजिक समरसता का भाव बढ़ेगा। बिरसा मुंडा ने अल्पकाल में ही राष्ट्रीय भाव का जागरण आदिवासी समाज में करवा दिया था।

- **बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती धूमधाम से मनाई**

मीणा ने कहा कि बिरसा मुंडा ने देश के लिए सर्वस्व न्यौछावर कर देश की युवा पीढ़ी के लिए मिसाल कायम की थी। इस अवसर पर प्रदेशाध्यक्ष मोहर सिंह सलावद, समाजसेवी हरकेश मीणा, जिलाध्यक्ष मनोज कुमार मीणा आदि मौजूद थे।

# आर्ट गैलेरी ने यहां के उद्योग, कला, साहित्य साकार किया : अली गनी

**बीकानेर,** (कासं)। बीकानेर की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, धार्मिक व पर्यटन स्थलों, यहां के उद्योग धंधे, शहर का पुराना व नया स्वरुप, मन्दिर, मस्जिद, गुरूद्वारा हो या यहां का चर्च इन सभी शहर की विरासतों को एक ही छत के नीचे फोटो आर्ट गैलेरी के रूप में बीकानेर जिला उद्योग संघ ने दर्शकों के लिए स्थापित किया है। साथ ही संविधान का निर्माण करने वाली विभूतियों की प्रतिमाओं से सुसज्जित संविधान गैलेरी का निर्माण करवाया गया है। ये शब्द राष्ट्रपति से पदमश्री विभूषित अली गनी ने कहे।

साथ ही कहा कि बीकानेर जिला उद्योग संघ की इस नई पहल से इसको मिनी पर्यटन केन्द्र कहा जाए तो कोई अतिश्योक्ति नहीं है। इस गैलेरी में रियासतकालीन बीकानेर से लेकर वर्तमान के आधुनिक बीकानेर की झलक को बखूबी दर्शाया गया है। गैलेरी के माध्यम से यहां के उद्योग, कला, साहित्य, तीज त्यौंहारों व रम्मतों को साकार किया गया है। गैलेरी देखने के बाद लगता है कि एक ही छत के नीचे पूरे बीकानेर के दर्शन हो गये हैं। यह गैलेरी निश्चय ही आने वाली पीढी के लिए बीकानेर को जानने समझने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी। अध्यक्ष द्वारकाप्रसाद पचीसिया ने बताया कि बच्चों का ज्ञान मोबाइल की दुनिया तक ही सिमट कर रह गया है जिससे उनका विकास और ज्ञान पूर्णतया विकसित नहीं हो पा रहा है।



**बीकानेर में आर्ट व संविधान गैलेरी देख पद्मश्री विभूषित अली गनी रोमांचित हुए।**